पंजाब केसरी 23/10/2024

शिक्षा से समाज में एकरूपता, चरित्र निर्माण, नैतिकता और शिष्टाचार का उद्भव होता है : डा. रोहित दत्त

गांव खुड्डा कलां में ग्रामीण विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के प्रति जागरूक करने पहुंचीं गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की टीम। (देवदत्त)

अम्बाला, 22 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं एन.एस.एस. की यूनिट द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन एवं डा. एस.एस. नैन के नेतृत्व में गांव खुड्डा कलां में ग्रामीण विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में गांव के विद्यार्थियों को उचित एवं सुगम तरीके से ज्ञान प्रदान किया गया। गांव की सरपंच सरला देवी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

शिक्षा के संदर्भ में कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि शिक्षा केवल शब्दों का ज्ञान नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक अवधारणा है जो अच्छे और बुरे में अंतर का विवेक उत्पन्न करती है। इससे समाज में एकरूपता, चरित्र निर्माण, नैतिकता और शिष्टाचार का उद्भव होता है, जो वर्तमान समय की महत्वपूर्ण मांग है और स्थिर समाज के लिए नींव का काम करती है। उन्होंने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज अपने विद्यार्थियों में परहित एवं सामाजिक सहयोग के लिए वचनबद्ध है।

इस अवसर पर डा. एस.एस. नैन ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे समय निकालकर अपने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा प्रदान करें, जिससे एक तो ग्रामीण बच्चों का विकास होगा और साथ ही एक सभ्य समाज की स्थापना में विद्यार्थियों की सहयोगिता स्थापित होगी। इस कार्यक्रम में डा. राकेश कुमार, डा. सरोज बाला एवं प्रो. लवप्रीत सिंह की अग्रणी भूमिका रही। राजनीतिक विज्ञान विभाग के 37 विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से गांव खुड्डा कलां के बच्चों को अच्छी शिक्षा हासिल करने के प्रति जागरूक किया।